लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1627
27 जुलाई, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान

1627. श्री कुलदीप राय शर्मा:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
डॉ. पोन गौतम सिगामणि:
डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
श्री गजानन कीर्तिकर:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री सी.एन. अन्नादुरई:
श्री धनुष एम. कुमार:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री जी. सेल्वम:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कार्यरत राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) की संस्था-वार केंद्रों की संख्या तथा उनके स्थापना का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के साथ-साथ तमिलनाडु और महाराष्ट्र सहित राज्य सरकारों ने केन्द्र सरकार से अपने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में ऐसे और केंद्र स्थापित करने का अनुरोध किया है और यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) केन्द्र सरकार द्वारा इस संबंध में कब तक अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है;

(घ) क्या केन्द्र सरकार देश में निफ्ट की संख्या को दोगुना करने पर भी विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड़) क्या केन्द्र सरकार संस्थानों को विकसित देशों से डिजाइन विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी लाने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): देश में प्रचालनशील राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) परिसरों का विवरण, उनके स्थापना के वर्ष सहित, **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) से (घ): नए निफ़्ट परिसरों की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य सरकारों से प्राप्त प्रस्तावों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	प्रस्तावित स्थान
झारखंड	रांची
उत्तर प्रदेश	वाराणसी
आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम
त्रिपुरा	दर्शाया नहीं गया हैं
दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	दमन

राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रस्तावों की जांच की गई और उनसे नए परिसरों की स्थापना के लिए निफ्ट की निर्धारित नीति के अनुसार पर्याप्त भूमि और वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया गया है। दमन और दीव के संबंध में, निफ्ट के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने 4 जुलाई, 2022 को आयोजित अपनी 56वीं बैठक में दमन में निफ्ट परिसर की स्थापना के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। तथापि, अपेक्षित वित्तीय प्रतिबद्धता के साथ अन्य राज्यों से प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है।

(ड़): निफ्ट की ऐसे 32 प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय फैशन संस्थान और संगठनों के साथ रणनीतिक करार और साझेदारी है जो छात्रों को विदेश में एक सेमेस्टर करने या आरक्षित इंटर्नशिप करने में सक्षम बनाते हैं।

अनुबंध

स्थापना के वर्ष सहित निफ्ट परिसरों का विवरण

क्र. स.	निफ्ट परिसर	स्थापना वर्ष
1	नई दिल्ली	1986
2	गांधीनगर, गुजरात	1995
3	हैदराबाद, तेलंगाना	1995
4	मुंबई, महाराष्ट्र	1995
5	कोलकाता, पश्चिम बंगाल	1995
6	चेन्नई, तमिलनाडु	1995
7	बेंगलुरु, कर्नाटक	1997
8	रायबरेली, उत्तर प्रदेश	2007
9	भोपाल, मध्य प्रदेश	2008
10	कन्नूर, केरल	2008
11	पटना, बिहार	2008
12	शिलांग, मेघालय	2008
13	कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश	2009
14	भुवनेश्वर, ओडिशा	2010
15	जोधपुर, राजस्थान	2010
16	श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर	2016
17	पंचकूला, हरियाणा	2019

*****